पंजाब केसरी 06/04/2025

# जी.एम.एन. कॉलेज में 55वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शानदार आयोजन

अम्बाला, 5 अप्रैल (बलराम): जी.एम.एन. कॉलेज में शनिवार को प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में खेलकूद विभाग, एन.सी. सी.ए. वाई.आर.सी., वूमैन सैल, एन.एस.एस. के संयुक्त तत्वाधान में 55वें वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपने हुनर की चमक बिखेरी और शानदार प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में बलबीर सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने महाविद्यालय प्रांगण में पहुंचने पर मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत कर अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि-बलबीर सिंह ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए डा. रोहित दत्त ने महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष बृजेश कुमार को बधाई दी। वहीं महाविद्यालय के गवर्निंग बॉडी के प्रधान डा. गुरदेव सिंह, जनरल सैक्रेटरी, आलोक गुप्ता, एग्जीक्यूटिव मैंबर चरणजीत सेठी, सुरिंदर बहल व सज्जन सिंह ने 55वें वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की जमकर सराहना करते हुए कहा कि



प्राचार्य डा. रोहित दत्त विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित करते हुए। (देवदत्त)

महाविद्यालय के विद्यार्थी प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा कर नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी। मंच संचालन डॉ. अमित व डॉ. अनुपमा सिहाग ने किया।

**युवाओं को नशे की तरफ न जाकर खेल व देशहित की ओर अग्रसर होना चाहिए : बलबीर सिंह**

मुख्य अतिथि बलबीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि उन्हें अत्यंत खुशी है कि जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थी शैक्षणिक व सांस्कृतिक क्षेत्र की भांति खेल के क्षेत्र में भी महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाली युवा पीढ़ी के कंधों पर देश की बागडोर है। युवाओं को नशे की तरफ न जाकर खेल व देशहित की ओर अग्रसर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन का स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है। स्वस्थ जीवन ही मानव जीवन की सफलता है। स्वस्थ रहने के लिए मानव जीवन का सक्रिय होना बहुत जरूरी है, स्वस्थ जीवन शैली के लिए खेलकूद को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए, इसलिए सभी लोगों के जीवन में चाहे वह विद्यार्थी हो या अन्य लोग खेलकूद का होना बेहद महत्वपूर्ण है।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने अपने संबोधन में कहा कि खेलों का हमारे जीवन में बड़ा महत्व है। खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से न केवल शारीरिक, मानसिक विकास होता है, बल्कि सामाजिक विकास में भी खेल काफी सहायक है। खेलों में हिस्सा लेने से आत्मविश्वास तो बढ़ता ही है, साथ ही टीम भावना व प्रतियोगिता की भावना का भी विकास होता है।--

**खेल प्रतियोगिताओं में यह रहे विजेता:** 100 मी पुरुष वर्ग में बीए द्वितीय वर्ष के बलजिंदर सिंह ने प्रथम, बीए तृतीय वर्ष के संजीव कुमार ने द्वितीय स्थान एवं बीए फर्स्ट ईयर के समिपया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं 100 मी महिला वर्ग में बीए द्वितीय वर्ष की रमनी ने प्रथम, बीए सैकंड ईयर की अवनीत ने द्वितीय स्थान एवं एम.ए. फर्स्ट ईयर की कृतिका ने तृतीय स्थान हासिल किया।

200मी. पुरुष वर्ग में बीए फर्स्ट ईयर के श्लोकया ने प्रथम स्थान, बीए थर्ड ईयर के पंकज ने द्वितीय स्थान एवं बीए सैकंड ईयर के बलजिंदर ने तृतीय स्थान हासिल किया तो वहीं 50 मी महिला वर्ग में बीए सैकंड ईयर की अवनीत कौर ने प्रथम स्थान बीए सैकंड ईयर की रमणी ने दूसरा स्थान एवं बी.कॉम सैकंड ईयर की अंकिता ने तीसरा स्थान हासिल किया। पुरुष वर्ग शॉट पुट में बीए तृतीय वर्ष के पंकज ने पहला, बीए प्रथम वर्ष के अमनदीप ने दूसरा एवं बीबीए फर्स्ट ईयर के नमन ने तीसरा स्थान हासिल किया। 800 मी पुरुष वर्ग में बीए फर्स्ट ईयर के श्लोकया ने प्रथम, बीए फाइनल ईयर के संजीव ने दूसरा स्थान एवं बीकॉम फर्स्ट ईयर के प्रवीण ने तीसरा स्थान प्राप्त किया, तो वहीं हॉप स्टैप एंड जंप ट्रिपल जंप पुरुष वर्ग में बीए फाइनल ईयर के संजीव कुमार ने पहले बीए फाइनल ईयर के पंकज ने दूसरा स्थान एवं बीए थर्ड ईयर के चेतन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

ट्रिपल जंप वूमैन में प्रथम स्थान पर अंकिता, दूसरे पर कृतिका एवं तीसरे स्थान पर अवनीत रहे। 400 मी पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान पर श्लोकया, दूसरे स्थान पर पंकज एवं तीसरे स्थान पर बलजिंदर रहे तो वहीं शॉट पुट वूमैन में मोनी ने प्रथम स्थान, सपना ने दूसरा स्थान और अंकिता ने तीसरा स्थान हासिल किया। 200 मी महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर रमणी, दूसरे स्थान पर अवनीत कौर एवं तीसरे स्थान पर कृतिका रही। लॉन्ग जंप वूमैन में प्रथम स्थान पर अवनीत, दूसरे स्थान पर रमणी और तीसरे स्थान पर कृतिका रही।

इसी प्रकार, 400 मी वूमैन में अवनीत कौर ने प्रथम स्थान अंकिता ने दूसरा स्थान एवं रमणी ने तीसरा स्थान हासिल किया। लॉन्ग जंप में बलजिंदर प्रथम स्थान पर, अमन दूसरे स्थान पर एवं सामीप्य तीसरे स्थान पर रहे। 55वें खेलकूद प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में श्लोकया एवं पंकज महिला वर्ग में अवनीत कौर बैस्ट एथलीट्स चुने गए।